आदेश की क्रम सं० और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे टिप्पणी तारीख–सहित

–:आदेश:–

अभिलेख उपस्थापित।

10.12.2024 राष्ट्रीय खाद्य आयोग पोर्टल **https:jharkhandsfc.In/admin/dashboard/dashboard_dgro.php** पर शिकायतकर्त्ता प्रेमा देवी, ग्राम–तुम्बी चौक परसौनी, ईटखोरी, जिला–चतरा द्वारा हरा राशन कार्ड को लाल राशन कार्ड में बदलने के संबंध में शिकायत दर्ज की गयी है। प्राप्त शिकायत के आलोक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, चतरा से प्रतिवेदन की मांग की गई। तद्नुसार जिला आपूर्ति पदाधिकारी, चतरा के पत्रांक–996/आ0, दिनांक–05.12.2024 द्वारा जॉच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है। जिसमें उल्लेखित किया गया है कि–हरा राशन कार्ड को लाल राशन कार्ड में परिवर्त्तन का कार्य स्वतः विभाग के द्वारा किया जा रहा है।

अतः जिला आपूर्ति पदाधिकारी, चतरा द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन से स्पष्ट होता है कि हरा राशन कार्ड से लाल राशन कार्ड में परिवर्त्तन विभाग द्वारा स्वतः किया जाएगा।

अतः उक्त के आलोक में शिकायतकर्त्ता को सूचित करें। अभिलेख की कार्रवाई बंद की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित ।

अपर समाहर्त्ता,
–सह–
जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी,
चतरा।

अपर समाहर्त्ता,
–सह–
जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी,
चतरा।